# 17वीं

# अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी 2022-2023

| Three Awards Rs. 20,000/- | Two Special Awards Rs. 10,000/- |
|---|---|
| तीन पुरस्कार रु. 20,000/- | दो विशेष पुरस्कार रु. 10,000/- |

प्रविष्टियाँ एवं प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि 12.12.2022 से 10.01.2023 तक

**Date for submission of Schedule, Entry Fees & Exhibits 12-12-2022 to 10-01-2023**

राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, लखनऊ–226 001

State Lalit Kala Akademi, U.P, Lal Baradari Bhawan, Lalit Kala Akademi Marg, Lucknow-226 001

# राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश
## संक्षिप्त परिचय

दृश्यकला के प्रोत्साहन एवं उन्नयन के लिए स्थापित इस अकादमी द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है कि छात्र–छात्राओं के साथ ही स्थापित एवं वरिष्ठ कलाकारों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जा सके। यही नहीं अकादमी द्वारा प्रदेश के वृहद क्षेत्र के दूरस्थ जिलों में कलाकारों तक अपनी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य व कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाता है। क्षेत्रीय स्तर पर कलाकारों को प्रतियोगात्मक आयोजन व पुरस्कार की श्रृंखला राज्य एवं राष्ट्र स्तर तक क्रियान्वित की जाती है। पुरस्कारों की श्रृंखला में क्षेत्रीय, राज्य स्तरीय, अखिल भारतीय स्तर के पुरस्कार, युवा कलाकारों के लिए प्रदर्शनी आयोजन के लिए आर्थिक सहयोग के साथ–साथ छात्रवृत्ति, प्रदेश के कलाकारों को राज्य, राष्ट्र स्तर पर स्थापित करने के अंतर्गत युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों की प्रदर्शनी, अंतर्राज्य विनिमय के अंतर्गत देश के अन्य राज्यों के साथ आदान–प्रदान, वरिष्ठ कलाकारों को विभिन्न अवसरों पर सम्मान व अति विशिष्ट कलाकारों को अकादमी द्वारा अधिसदस्यता सम्मान प्रदान किया जाता है। युवा कलाकारों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण, प्रोत्साहन के लिए विभिन्न माध्यमों की कार्यशालायें, कला शिविर, कला प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं। कला विषयक प्रकाशनों के साथ सेमिनार, संगोष्ठी आदि के माध्यम से समकालीन कला के विभिन्न पक्षों को उजागर करने का प्रयास किया जाता है।

वैश्विक सांस्कृतिक आदान–प्रदान की योजना के अंतर्गत विभिन्न दूतावासों/केन्द्र सरकार के माध्यम से समय–समय पर अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रदर्शनी का आयोजन भी अकादमी द्वारा किया जाता है।

युवा पीढ़ी को दृश्यकला में अभिरूचि जाग्रत करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में ग्रीष्मकालीन कार्यशालायें व कला में अभिरूचि रखने वाले 15 वर्ष से ऊपर किसी भी आयु के नागरिकों को रचनात्मक कला प्रशिक्षण की व्यवस्था स्ववित्तपोषित रूप से संचालित की जाती है।

उत्तर प्रदेश के ऐसे कलाकारों को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए कलाकार कल्याण कोष की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से कलाकारों को बीमारी आदि में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## –: अकादमी की मुख्य गतिविधियाँ :–

1. उत्तर प्रदेश राज्य की वार्षिक कला प्रदर्शनियाँ एवं पुरस्कार।
2. हर तीसरे वर्ष अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
3. अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
4. क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार।
5. वरिष्ठ कलाकारों की रिट्रास्पेक्टिव/आमंत्रित कला प्रदर्शनियाँ।
6. राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्क्षेत्रीय प्रदर्शनियों का आयोजन।
7. अंतर्राज्य विनिमय कला प्रदर्शनियों का आयोजन।
8. कला–जागरूकता के ध्येय से संग्रहीत कृतियों की प्रदर्शनियाँ, व्याख्यान, चलचित्रों एवं पारदर्शियों का प्रदर्शन।
9. प्रतिभाशाली कलाकारों को उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्तियाँ / एकल कला प्रदर्शनी आयोजन हेतु आर्थिक सहायता।
10. विशिष्ट कलाकारों, कला समीक्षकों, कलाविदों, कला इतिहासकारों को अकादमी अधिसदस्यता सम्मान।
11. डॉ0 राधाकमल मुखर्जी की स्मृति में कला व्याख्यानमाला।
12. व्याख्यान, सेमिनार व कला संगोष्ठियाँ।
13. अखिल भारतीय तथा प्रदेश स्तरीय कला शिविरों का विभिन्न माध्यमों/विधाओं में आयोजन।
14. स्थायी कला संग्रह के लिये कलाकृतियों को क्रय।
15. कला–पुस्तकालय एवं वाचनालय की सुविधा उपलब्ध।
16. प्रदेश की कला संस्थाओं को मान्यता व कला गतिविधियों हेतु अनुदान प्रदान करना।
17. कला सम्बन्धी पुस्तकों, पत्रिकाओं, मोनोग्राफ, पोर्टफोलियो, पिक्चर पोस्टकार्ड आदि का प्रकाशन।
18. कला गतिविधियों के लिये वीथिका एवं श्रोतागार के आरक्षण की सुविधा।
19. रचनात्मक कला केन्द्र के माध्यम से कलाकारों को सृजन कार्य की सुविधा।
20. विक्रय केन्द्र द्वारा प्रकाशनों एवं कलाकृतियों का विक्रय।
21. कला पत्रिका ''कला त्रैमासिक'' का प्रकाशन।

**17वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी, 2022–23**

**शेड्यूल, प्रविष्टि शुल्क तथा पोर्टफोलियो को जमा करने की तिथि 12.12.2022 से 10.01.2023**

अपूर्ण शेड्यूल निरस्त कर दिया जायेगा।

प्रतियोगिता के लिए है/नहीं है। कृपया (✓) करें।

कलाकार की फोटो

**निदेशक,**
राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र.
लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग,
लखनऊ–226001 (उ.प्र.)

महोदय/महोदया,

विवरण पत्र में दिये नियम तथा अधिनियम को स्वीकार करते हुए मैं निम्नलिखित छायाचित्र कृतियों को **17वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी 2022–23** में प्रदर्शन हेतु प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ :

| क्रम सं. | कृति का शीर्षक (हिन्दी/अंग्रेजी में) | माप (इंच में) | सृजित किये जाने का वर्ष | क्रम सं. | कृति का शीर्षक (हिन्दी/अंग्रेजी में) | माप (इंच में) | सृजित किये जाने का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | 4. | | | |
| 2. | | | | 5. | | | |
| 3. | | | | 6. | | | |

**• फोटोग्राफ्स सी0डी0 में भी 300 डी.पी.आई., 7X5 साइज में संलग्न करें।**

छाया कलाकार का नाम श्री/श्रीमती/कु. ..............................................................................................................

पता ..............................................................................................................

मोबाइल नं. .................................................... ई–मेल ....................................................

दिनांक ....................................................

**(छायाकार के हस्ताक्षर)**

1. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा शेड्यूल में दी गयी कृतियां किसी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित नहीं हुई हैं और ये 01.01.2019 के बाद सृजित की गई हैं।
2. प्रवेश शुल्क की धनराशि रु. 500/– मात्र नकद अथवा जमा यूटीआर नम्बर ........................................ छायाप्रति संलग्न है।
3. प्रेषण का माध्यम व्यक्तिगत/एयर मेल/रजि. पार्सल/ कोरियर/ई–मेल (✓) करें।
4. नवीनतम संक्षिप्त जीवन परिचय अवश्य संलग्न करें।

**(छायाकार के हस्ताक्षर)**

# 17वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी 2022-23

## विवरण पत्र

शेड्यूल, प्रविष्टि शुल्क तथा पोर्टफोलियो जमा करने की तिथि 12.12.2022 से 10.01.2023

**पुरस्कार :**

1. श्रेष्ठ छायाचित्र पोर्टफोलियो के लिये 3 कलाकारों को रु. 20,000/– (बीस हजार) प्रति कलाकार एवं दो कलाकारों को विशेष पुरस्कार रु. 10,000/– (दस हजार) नकद दिये जायेंगे।
2. ये पुरस्कार राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. की **17वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी** के नाम से होंगे। पुरस्कृत पोर्टफोलियो के छायाचित्र संग्रह में संग्रहीत कर लिया जायेगा।
3. अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी हेतु नियुक्त निर्णायक मण्डल, पाँचों पुरस्कार देने को बाध्य नहीं होगा। प्रदर्शनी एवं पुरस्कार के चयनित छायाचित्र/पोर्टफोलियो के भारतीय संस्कृति की गरिमानुकूल न होने पर अकादमी के अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामांकित समिति/सदस्य द्वारा प्रदर्शनी से हटाया जा सकता है।
4. ऐसे छायाकार जिन्हें पुरस्कार प्राप्त हो गया है पुरस्कार प्राप्ति के वर्ष से अगली तीन अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी में पुरस्कार के लिये भागीदारी नहीं कर सकेंगे। वे केवल प्रदर्शन हेतु भागीदारी कर सकते हैं।

**सामान्य :**

5. राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. द्वारा नियुक्त चयन समिति प्राप्त हुई प्रविष्टियों से प्रदर्शनी एवं पुरस्कार हेतु पोर्टफोलियो/छायाचित्रों का चयन करेगी। चयन समिति द्वारा पुरस्कार एवं प्रदर्शनी हेतु चयनित पोर्टफोलियो की सूची अकादमी की वेबसाइट पर दी जायेगी।
6. इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों को पता–परिवर्तन की सूचना अकादमी को तुरन्त देनी चाहिए। अकादमी किसी भी गलत पते की वजह से हुये नुकसान की जिम्मेदार नहीं होगी।
7. सम्पूर्ण पत्र व्यवहार निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, लखनऊ–226001, उ.प्र. को सम्बोधित होना चाहिए। **E-mail : slka_up@yahoo.com**
8. विवरण पत्र में दिये गये किसी भी नियम की अवहेलना से कृतियों की प्रविष्टि निरस्त की जा सकती है।
9. कृतियों पर निर्णय कलाकार की सृजनात्मकता एवं व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों के आधार पर ही लिया जायेगा। **यह प्रदर्शनी विशुद्ध कला प्रदर्शनी है।** अतएव प्रविष्टियों को तकनीकी वर्गों में विभाजित नहीं किया जायेगा।
10. जूरी का निर्णय अंतिम होगा तथा चयन एवं निर्णय के सम्बन्ध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा।
11. जिन पोर्टफोलियो को पुरस्कार हेतु चयनित किया जायेगा उनके सभी छः फोटोग्राफ्स कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये जायेंगे। अन्य पोर्टफोलियो के केवल चयनित छायाचित्र ही प्रदर्शित किये जायेंगे।
12. किसी भी चयनित कृति की प्रतिकृति व प्रकाशन तैयार करने का अधिकार अकादमी का होगा।
13. अंतिम तिथि 10.01.2023 के बाद प्राप्त प्रविष्टियों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
14. सभी प्रतिभागी कलाकार सचित्र कैटलाग के हकदार होंगे।

**पोर्टफोलियो/छायाचित्र :**

15. चयन हेतु केवल छः फोटोग्राफ्स का पोर्टफोलियो ही मान्य होगा। प्रविष्टियां दो सेट में ईमेल द्वारा भेजनी होंगी, एक सेट – 5''X 7'' माप में होना चाहिए जिसका उपयोग कैटेलॉग में तथा दूसरा सेट – न्यूनतम 10''X 12'' अधिकतम 12''X 18'' माप High Resulation में होना चाहिए।
16. पूर्व किसी भी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्र कृतियां मान्य नहीं होंगी। प्रत्येक फोटोग्राफ्स पर उसके सृजन की तिथि अवश्य अंकित होनी चाहिए। समस्त कृतियां 01–01–2019 के बाद की छायांकित होनी चाहिए।

**शेड्यूल :**

17. आवेदन अकादमी को प्राप्त होने के बाद में परिवर्तन सम्भव नहीं है।
18. अकादमी द्वारा जारी शेड्यूल अथवा उसकी फोटोप्रति पर भी आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अकादमी की **वेबसाइट** www.fineartakademiup.nic.in **से शेड्यूल डाउनलोड किया जा सकता है।**

**प्रवेश शुल्क :**

19. कलाकार द्वारा प्रवेश शुल्क रुपये 500/– (पाँच सौ) मात्र नकद अथवा NEFT/RTGS के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, लखनऊ के खाता संख्या : 10863755966 IFSC Code SBIN 0000125 **निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., लखनऊ में** जमा करना होगा, जिसकी रसीद (UTR Slip) शेड्यूल में यथा स्थान उल्लिखित करते हुए संलग्न करनी होगी। प्रवेश शुल्क किसी भी दशा में लौटाया नहीं जायेगा।

**प्रेषण :**

20. पोर्टफोलियो व शेड्यूल सी.डी., डी.वी.डी., पेन ड्राइव/ई–मेल **(slka_up@yahoo.com)** से **(निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र., लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश)** भेज सकते हैं।
21. स्थानीय तथा बाहर के कलाकारों से पोर्टफोलियो व शेड्यूल सी.डी., डी.वी. डी., पेन ड्राइव में प्राप्त करने का समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में होगा।
22. किसी भी दशा में हार्ड कॉपी में छायाकारों द्वारा प्रेषित छायाचित्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

**प्रविष्टियों की प्राप्ति :**

23. प्रविष्टियाँ चाहे व्यक्तिगत प्रेषित की हों अथवा रजिस्ट्री, एयर मेल, ई–मेल या कोरियर डाक द्वारा भेजी गई हों, अकादमी को दिनांक 10.01.2023 तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए।

**अन्य :**

24. प्रदर्शनी का परिणाम एवं कैटेलॉग अकादमी की वेबसाइट – www.fineartakademiup.nic.in पर प्रदर्शनी के अवसर पर देखा जा सकता है।

# 17वीं

# अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी 2022-2023

---

## निदेशक

## राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश


लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग, लखनऊ–226001 उत्तर प्रदेश।

दूरभाष : 0522–3511526

ई–मेल : slka_up@yahoo.com | Website : www.fineartakademiup.nic.in


प्रेषण पर्ची (पैकेट पर ऊपर चिपकाएं)

**अंतर्वस्तु 17वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी 2022–2023 के लिए है।**

प्रेषण का साधन : ई–मेल / रजि. पार्सल / कोरियर / व्यक्तिगत (टिक करें ✓)

---

नाम ..........................................................................................

पता ..........................................................................................

.................................................... पिन कोड ..............................

मोबाइल नं. ..................................................................